हिंदी विभाग

वार्षिक रिपोर्ट - 2020

TIC- (डॉ भारती)

भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता

हिंदी साहित्य परिषद द्वारा भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन 4 मार्च 2020 को 1 बजे चौपाल में किया गया | हिंदी विभाग की प्रथम ,द्वितीय,तृतीय वर्ष की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया |निर्णायक मंडल के रूप में - डॉ. नीरू कुमारी (हिंदी विभाग) तथा शर्मिष्ठा मलिक (समाज विज्ञान)रहे | सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को पुरस्कृत किया गया |

सर्वश्रेष्ठ नाटक : चीख अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा

सर्वश्रेष्ठ कलाकार: मुशर्रत,तृतीय वर्ष

सर्वश्रेष्ठ पटकथा : पूजा लोहिया ,तृतीय वर्ष

हिंदी बीमार है : द्वितीय वर्ष की प्रस्तुति

साक्षी (द्वितीय वर्ष)के द्वारा के एकलाप का मंचन किया गया |

वेब वार्ता

हिंदी विभाग द्वारा 2 मई 2020 को एक वेब वार्ता का आयोजन किया गया था | यह वेब वार्ता केवल हिंदी विभाग के विद्यार्थियों और अध्यापिकाओं के लिए आयोजित कि गयी थी |इसका विषय 'साहित्य मेंअस्तित्ववादीअवधारणा और वैश्विक संकट' रखा गया था |इसमें प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने कोविड 19 के लॉक डाउन कि स्थिति को अस्तित्व वादी मनोविकारों से जोड़ते हुए अस्तित्ववादी चिन्तन के व्यापक पहलुओं को हमारे समक्ष प्रस्तुत किया|

राष्ट्रीय वेबिनार

15 मई 2020 को हिंदी विभाग द्वारा कोरोना काल में अपनी अकेडेमिक गतिविधियों को संचरित करने के लिए ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया |फणीश्वर नाथ रेणु के जन्म शताब्दी वर्ष में रेणु के साहित्यिक अवदान का आकलन करने के लिए यह राष्ट्रीय वेबिनार एक सुदृढ़ कड़ी के रूप में रहा |इस वेबिनार का विषय था –"फणीश्वर नाथ रेणु

का लेखन और हिंदी समाज " आमंत्रित वक्ता के रूप में प्रोफेसर नित्यानंद तिवारी,प्रोफेसर गोपेश्वर सिंह,डॉ आशीष मिश्र ,डॉ दिनेश कुमार थे |

तुलसी जयंती समारोह

26 अगस्त 2020 को तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया |इस अवसर पर मंगलाचरण,दोहे प्रस्तुति और तुलसी पर गीत का आयोजन ज़ूम प्लेट फॉर्म पर किया गया| विशेष वक्ता के रूप में प्रोफेसर कुमुद शर्मा को आमंत्रित किया गया था |व्याख्यान का विषय 'तुलसीदासऔर उनका रामराज्य' था |

हिंदी दिवस समारोह

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग की हिंदी साहित्य परिषद्और अभिव्यक्ति (हिंदी वाद-विवाद समिति) के सौजन्य से 'हिंदी दिवस समारोह' का आयोजन 14 सितम्बर 2020 को किया गया| जिसके अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में विशेष व्याख्यान,आलेख प्रस्तुति,लघु फिल्म प्रदर्शन और परिचर्चा तथा वेब आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |विशेष व्याख्यान का विषय 'वॉलीवुड कि हिंदी और प्रभाव 'था |आलेख प्रस्तुति के माध्यम से कमला नेहरु कॉलेज कि सभी छात्राओं के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित कि गई थी|जिसका विषय "आत्म निर्भर भारत और हिंदी" था |इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निशा कुमारी (हिंदी विभाग तृतीय वर्ष),द्वितीय पुरस्कार मंजरी पटेल (इतिहास विभाग तृतीय वर्ष),तृतीय पुरस्कार आँचल(जर्नलिज्म विभाग),दो प्रोत्साहन पुरस्कार अनन्या पाण्डेय (द्वितीय वर्ष हिंदी विभाग) ,विशाखा (हिंदी विभाग द्वितीय पुरस्कार) को प्रदान किये गये |

सृजनात्मक लेखन कार्यशाला श्रृंखला

28 अक्टूबर, 4 नवम्बर,और 11नवम्बर 2020 को सृजनात्मक लेखन कार्यशाला श्रृंखला काआयोजन किया गया |पहली कार्य शाला का विषय 'डिजिटल माध्यम और सृजनात्मक लेखन कि संभावनाएँ ' था जिसका प्रधान उद्देश्य प्रतिभागियों में डिजिटल माध्यमों के लिए किये जाने वाले रचनात्मक लेखन कि बारीकियों तथा इसके तकनीकी पक्षों पर दक्षता को विकसित करना रहा |इस कार्य शाला के वक्ता के रूप में डॉ अरुण देव (संपादक समालोचन) को आमंत्रित किया गया था|इसी श्रंखला के अगले क्रम में प्रदीप सौरभ जी को 'उपन्यास कि सृजनात्मकता' विषय पर वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किया गया |उपन्यास की रचना प्रक्रिया उसमें यथार्थ, फंतासी के मिश्रण, व पत्रकारिता के सम्यक प्रयोग पर अपने विचार प्रदीप सौरभ जी ने काफी विस्तार से प्रस्तुत किये | तीसरी कार्य शाला के प्रमुख वक्ता के रूप में रजनी गुप्त जी को आमंत्रित किया गया था

जिन्होंने कहानी   कि सृजन प्रक्रिया   को अपना विषय बनाया |इस प्रकार साहित्यिक गतिविधियों कि दृष्टि से वर्ष 2020 काफी सफल रहा |

प्रवेश प्रथम सत्र 2020-21

हिंदी विभाग के प्रथम सत्र के प्रवेश के लिए आयोजन 8/10/2020 से आरम्भ हुआ तथा 14/12/ 2020 तक चला | इस क्रम में प्रथम स्तर में 58 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया |

डिपार्टमेंटल ओरिएंटेशन

18 नवम्बर 2020 को हिंदी विभाग द्वारा प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए डिपार्टमेंटल ओरिएंटेशन किया गया | विभाग की समस्त प्राध्यापिकाओं ने अपनी अकादमिक गतिविधियों तथा कॉलेज की विभिन्न समितियों की जानकारी प्रदान की | प्रथम वर्ष के Hons, GE, AECC के पेपर की भी जानकारी प्रदान की गई |साथ ही स्टूडेंट्स की सभी जिग्यासों का समाधान भी किया |